दिन– सोमवार | दिनांक– 06 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदान के लिये पात्र लोग नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के दस दिन पहले तक नाम जुड़वाने के लिए कर सकते हैं आवेदन।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना मेट्रो रेल सेवा का उद्घाटन करेंगे। आम लोगों के लिए कल से शुरू होगी मेट्रो।

03. राज्य के सरकारी विद्यालयों में विशिष्ट शिक्षक और प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा।

04. और, नेपाल के तराई क्षेत्र तथा राज्य में हो रही बारिश से कोसी और महानंदा समेत प्रदेश की कई नदियां उफान पर। सुपौल, शिवहर और सीमांचल के जिलों में बाढ का पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित।

---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रह गए पात्र लोग विधानसभा क्षेत्र विशेष में नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के दस दिन पहले तक नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के बाद पटना में संवददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव की तिथियों के बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा जल्द ही जायेगी।

–––बाइट–––

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि लोक प्रतिनिधि कानून के हिसाब से एसआईआर हर चुनाव से पहले कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद एसआईआर कराए जाने का कोई अर्थ नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि जिस प्रकार

बिहार मे सफलतापूर्वक एसआईआर संपन्न कराया गया है, वह देश में भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए नवीन उपायों पर भी प्रकाश डाला। श्री कुमार ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत विधानसभा चुनाव में किसी भी बूथ पर बाहर सौ से अधिक मतदाता नहीं होंगे।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतिश कुमार आज पटना मेट्रो रेल सेवा के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। लगभग साढे तीन किलोमीटर लंबे एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर के पहले फेज को प्राथमिकता गलियारा नाम दिया गया है। इस चरण में मेट्रो सेवा अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक परिचालित होगी। छह वर्षों की प्रतीक्षा के बाद पटना मेट्रो रेल सेवा के पहले चरण का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी, दो हजार उन्नीस में मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा करेंगे। वे कॉरिडोर–1 के भूमिगत खंड की आधारशिला भी रखेंगे। मेट्रो रेल सेवा के औपचारिक उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मेट्रो डिपो का उद्घाटन करेंगे। आम लोगों के लिए मेट्रो रेल सेवा कल से शुरू होगी। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

पटना मेट्रो रेल के डिब्बो को आकर्षक रूप से मधुबनी पेंटिंग्स से सजाया गया है, जिनमें गोलघर, महाबोधि मंदिर, बुद्ध स्मृति पार्क, नालंदा महाविहार और अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के चित्र दर्शाए गए हैं। बिहार की पहली मेट्रो रेल सेवा के लिए राजधानी पटना वासियों का इंतजार आज समाप्त हो रहा है। पटना मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्रियों को दो स्टेशनों के बीच की छोटी दूरी के लिए 15 रुपये और सभी स्टेशनों तक यात्रा करने के लिए अधिकतम 30 रुपये किराया देना होगा। आज से शुरू हो रहे प्रायोरिटी कॉरिडोर मार्ग पर मेट्रो रेल सेवा हर 20 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होगी। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अन्तर्गत इक्कीस लाख लाभुकों के खाते में दस हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से इक्कीस सौ करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले छब्बीस सितम्बर और तीन अक्टूबर को इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की गयी थी। योजना के तहत राज्य सरकार ने इस वर्ष अक्टूबर से दिसंबर तक महिलाओं

को दस–दस हजार रुपए की सहायता राशि वितरण के लिए चौदह तिथियां निर्धारित की हैं। मुख्यमंत्री आज ही जल संसाधन, पथ निर्माण और ऊर्जा विभाग से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

---

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को कफ सिरप का विवेकसम्मत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। केन्द्र ने कहा कि सामान्य खांसी के लिए किसी अलग औषधि की आवश्यकता नहीं होती, यह अपने आप ठीक हो जाती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बताया कि केन्द्र ने कुछ राज्यों में संदूषित कफ सिरप से हाल में बच्चों की मौत की घटनाओं को देखते हुए औषधि विनिर्माताओं द्वारा संशोधित विनियमों का कड़ाई से अनुपालन पर बल दिया है।

---

राज्य के सरकारी विद्यालयों में विशिष्ट शिक्षक और प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग ने विशिष्ट शिक्षकों को योगदान की तिथि से इसका लाभ देने का आदेश दिया है। विभाग के अनुसार विशिष्ट शिक्षकों को अक्टूबर माह के वेतन के साथ ही बकाया वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। इधर, अट्ठाईस हजार सात सौ पचास प्रधान शिक्षकों को भी योगदान की तिथि से वेतन संरक्षण का लाभ दिया जाएगा। ये सभी स्थानीय निकाय में विशिष्ट शिक्षक थे।

---

नेपाल के तराई क्षेत्र में और राज्य में हो रही बारिश से कोसी और महानंदा समेत प्रदेश से होकर गुजरने वाली नदियों का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। सुपौल, अररिया, शिवहर समेत आसपास के कंई जिलों में निचले इलाकों में बाढ का पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुपौल ज़िले में कोसी नदी का पानी छह प्रखंडों के पांच सौ से ज्यादा घरों में फैल गया है। ज़िला प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान तेज़ कर दिया है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

–––रिपोर्ट––

सीमांचल क्षेत्र में कोसी और महानंदा नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण किशनगंज, अररिया और कटिहार ज़िलों के कुछ हिस्सों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पश्चिमी और पूर्वी चंपारण में भी बाढ़ का संकट है।

अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है और जोगबनी रेल लाइन पर भी पानी आ जाने से रेल परिचालन प्रभावित हुआ है।

---रिपोर्ट---

नेपाल के तराई क्षेत्रों और जिले के विभिन्न भागों में भारी बारिश से परमान सहित सभी नदिया उफान पर हैं। कई गांव में पानी घुस जाने से जनजीवन प्रभावित हआ है। जोगबनी रेलवे ट्रैक परिसर और यार्ड में जल जमाव से रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत कटिहार मंडल के डीआरएम किरेंद्र नारहा ने पत्र जारी कर बताया है कि पांच महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन आज बथनाहा और फारबिसगंज से होगा। दानापुर –जोगबनी, सहरसा एक्सप्रेस, जोगबनी–कटिहार,कटिहार–जोगबनी, जोगबनी आनंद विहार सीमांचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस का परिचालन फारबिसगंज स्टेशन से किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

वहीं, सीतामढ़ी में, बागमती सहित सभी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुँच गया है। शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।

---रिपोर्ट---

बागमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश होने से बागमती नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि का सिलसिला जारी है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक मीटर 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही बाढ का पानी धीरे–धीरे दोनों तटबंधों के बीच फैलने लगा है। बागमती में उफान आने के साथ ही तटबंधो पर पानी का दबाव बनने लगा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी निगरानी के लिए तटबंध पर कैंप कर रहे हैं। वहीं, नदी के दोनों किनारों पर कटाव होने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

---

मौसम विभाग ने अनुसार उत्तर बिहार और आसपास के इलाकों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र कमजोर हो गया है। हालांकि इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक राज्य के अनेक भागों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद पटना के अनुसार आज पूर्वी भाग के जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी, मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है। इधर, पिछले पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, सीतामढ़ी और पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, पटना, खगड़िया, दरभंगा, किशनगंज और भागलपुर जिले में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा रिकॉर्ड की गई।

---

सीतामढ़ी जिले में पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल अपराधियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लड्डूइया पहाड़ पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल –सीआरपीएफ– और जिला पुलिस के अभियान के दौरान सैंतालीस डेटोनेटर और केबल बरामद किया गया। बरामद डेटोनेटरों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता और पटना मेट्रो के शुभारंभ से जुडी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा आज होने के आसार। दैनिक भास्कर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– जिनके नाम, पता या उम्र में बदलाव हुआ है, उन्हें पंद्रह दिन में नया वोटर कार्ड मिलेगा। **दैनिक जागरण** लिखता है– आज से पटना मेट्रो सेवा। **प्रभात खबर** ने लिखा है– बिहार को राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का तोहफा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदान के लिये पात्र लोग नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के दस दिन पहले तक नाम जुड़वाने के लिए कर सकते हैं आवेदन।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना मेट्रो रेल सेवा का उद्घाटन करेंगे। आम लोगों के लिए कल से शुरू होगी मेट्रो।

03. राज्य के सरकारी विद्यालयों में विशिष्ट शिक्षक और प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा।

04. और, नेपाल के तराई क्षेत्र तथा राज्य में हो रही बारिश से कोसी और महानंदा समेत प्रदेश की कई नदियां उफान पर। सुपौल, शिवहर और सीमांचल के जिलों में बाढ का पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।